दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 27 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बिहार से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा बैठक में होंगे शामिल।

02. राज्य सरकार ने कहा– सरकारी विद्यालयों में बेंच–डेस्क और बच्चों के लिए बैग खरीद में हुई अनियमितता की जांच करवाई जायेगी।

03. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट यूजी–दो हजार चौबीस का संशोधित परिणाम जारी किया। दरभंगा के माजीन मंसूर बिहार टॉपर बने।

04. और, मॉनसून के कमजोर होने से प्रदेश में अब तक सामान्य से इकतीस प्रतिशत कम बारिश हुई। केवल किशनगंज में ही सामान्य से चौबीस प्रतिशत अधिक बारिश।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में होगी। बैठक का विषय है –विकसित भारत एट दो हजार सैंतालीस। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

बिहार से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा नीति आयोग की बैठक में होंगे शामिल।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो ऐप पर 'बजट दो हजार चौबीस की मूल योजना' साझा की है। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन और कौशल से संबंधित विभिन्न सरकारी घोषणाओं, योजनाओं और नई पहलों को सरल रूप में समझाना है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि बजट दो हजार चौबीस का लक्ष्य नई रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के साथ नौकरियां पैदा करना, एक मजबूत कार्यबल का निर्माण करना और नौकरी प्रदान करने वालों को सक्षम बनाना है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माईजीओवी प्लेटफॉर्म के दस साल पूरे होने पर उन सभी लोगों की सराहना की है जिन्होंने इस प्लेटफॉर्म को समृद्ध किया है और अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और इनपुट साझा किए हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा पिछले दशक में, माईजीओवी सहभागी और सुशासन के लिए एक जीवंत मंच के रूप में उभरा है।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के विस्तार का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। लोकसभा में केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने बताया कि सत्तर साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को योजना का लाभ देने के लिए सरकार ने कोई पैनल नहीं बनाया है।

---

राज्य सरकार ने सरकारी विद्यालयों में बेंच–डेस्क और बच्चों के लिए बैग खरीद में हुई अनियमितता की जांच करवाने का फैसला किया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधान परिषद में यह घोषणा की। कई विधान पार्षदों के ध्यानाकर्षण का जवाब देते हुये श्री कुमार ने कहा कि अनियमितता के कुछ मामले संज्ञान में आये हैं। बेंच–डेस्क खरीद की जांच के लिए सभी जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है। वहीं, वाटर पंप की जांच के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से जांच कराने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि किशनगंज में जांच में दोषी पाये गये एक अधिकारी पर कार्रवाई की गयी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि जो भी दोषी पाये जायेंगे, उनपर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन में उनकी सुविधा का ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों की कमेटी की रिपोर्ट दस अगस्त तक आ जाएगी। विधान परिषद में भाजपा के नवल किशोर यादव के एक प्रश्न के उत्तर में शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार महिला और दिव्यांग शिक्षकों को स्थानांतरण में प्राथमिकता देगी। अन्य शिक्षकों को भी उनकी सुविधा के आधार पर स्कूलों में पदस्थापित और स्थानांतरित किया जाएगा। वहीं, एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री कुमार ने कहा कि अनुकंपा के लंबित मामलों का निबटारा जल्द होगा। आवश्यकतानुसार नए पद भी सृजित किए जाएंगे।

---

सहकारिता मंत्रालय ने बहुराज्यीय बिहार राज्य सहकारी विपणन संघ, बिस्कोमान के निदेशक मंडल को भंग कर दिया है। मंत्रालय ने शिक्षा विभाग के निदेशक पद से सेवानिवृत कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव को छह महीने के लिए बिस्कोमान का प्रशासक नियुक्त किया है। उन्हें छह महीने के अंदर चुनाव कराने के निर्देश दिये गये हैं। गौरतलब है कि बिस्कोमान निदेशक मंडल का कार्यकाल चौबीस जून को समाप्त हो गया था।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन टी ए ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी का संशोधित परिणाम जारी कर दिया है। देशभर से तेईस लाख तैंतीस हजार दो सौ

संतानवे अभ्यर्थियों में तेरह लाख पन्द्रह हजार आठ सौ तिरेपन सफल हुए हैं। परिणामों में सत्रह उम्मीदवार टॉपर हुये हैं। पिछले परिणाम में टॉपर की संख्या सड़सठ थी। दरभंगा के माजीन मंसूर सात सौ बीस में से सात सौ बीस अंक लाकर बिहार टॉपर बने हैं। मेरिट लिस्ट में पहले सौ छात्रों में बिहार के पांच छात्रों ने अपनी जगह बनाई है। आयुष सात सौ सोलह अंक लाकर बीसवें और तथागत अवतार सात सौ पन्द्रह अंक लाकर चौंतीसवें स्थान पर है। ऋत्विक राज और अभिनव किशन को सात सौ पन्द्रह अंक मिले हैं। बिहार से परीक्षा में एक लाख उनचास हजार पांच सौ बयालीस अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें चौहत्तर हजार सात सौ सोलह सफल हुए हैं। वहीं, बिहार के सत्ताईस समेत देश में एक सौ पैंतीस छात्रों का रिजल्ट रद्द किया गया है। उम्मीदवार अपना परिणाम और स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट neet.ntaonline.in पर देख सकते हैं।

---

नीट—यूजी कथित पेपर लीक मामले में सीबीआई ने धनबाद से एक युवक को हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच एजेंसी ने हिरासत में लिये युवक की निशानदेही पर पेपर लीक से जुड़े कई साक्ष्य भी एकत्र किये हैं। सीबीआई हिरासत में लिये युवक को पूछताछ के लिए पटना लेकर आयी है।

---

पेरिस ओलंपिक खेलों की कल रात भव्य शुरूआत हुई। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने ओलंपिक खेलों के शुभारंभ की घोषणा की। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट—

———बाईट———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय दल को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने आशा जतायी है कि भारतीय खिलाड़ी अपने असाधारण प्रदर्शन से देशवासियों को प्रेरित करेंगे।

---

प्रदेश में मॉनसून के कमजोर होने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अब तक सामान्य से इकतीस प्रतिशत कम बारिश हुई है। किशनगंज ही एक मात्र ऐसा जिला है, जहां सामान्य से चौबीस प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। पटना में सामान्य से अड़तालीस प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गयी है। वहीं, वैशाली, मधुबनी और सारण में सामान्य से चौवन तथा दरभंगा में बावन फीसदी कम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवातीय परिसंचरण के कारण अगले दो से तीन दिनों के दौरान राजधानी पटना समेत प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

---

कैमूर जिले में घटते जलस्तर की समीक्षा के लिए केन्द्र सरकार के संयुक्त सचिव अमिताभ रंजन सिन्हा ने कल क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वर्षा जल संचय को लेकर किये जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। श्री सिन्हा ने गेहुवनवा नदी को पुनर्जीवित करने और जल जीवन हरियाली अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

---

प्रदेश में डेंगू के नये मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना में नौ मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं, गया से आठ और पश्चिम चम्पारण से डेंगू का एक मामला सामने आया है।

---

पटना के रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिपरा में अपराधियों ने तीन व्यापारियों को गोली मार दी। इसमें एक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायल भाई हैं। इधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

सारण के कोपा थाना में पदस्थापित एएसआई उमेश राम को अवैध बालू लदे ट्रकों से वसूली करने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है।

---

पटना के बिहटा में सोन नद में अवैध बालू खनन के आरोप में पुलिस ने तेरह लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से तीन नाव भी जब्त किये गये हैं।

---

अरवल जिले में करपी प्रखंड के परियारी पंचायत के पंचायत सचिव टोनी कुमार को कर्तव्य मे लापरवाही बरतने और विभागीय आदेश की अवहेलना करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

---

सीतामढ़ी जिले के बोखरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के आवासीय परिसर में शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोखरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार रंजन को गिरफ्तार कर लिया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राजद के सुनील कुमार सिंह विधान परिषद से बर्खास्त। सीएम के अपमान मामले में विधान परिषद के सभापति ने सुनाया फैसला।

दैनिक जागरण लिखता है– केन्द्र से मिली मंजूरी, शोभन में बनेगा दरभंगा एम्स।

प्रभात खबर ने लिखा है– नीट यूजी के अंतिम परिणाम में सड़सठ टॉपर की जगह सत्रह टॉपर ही बचे, बिहार के माजीन बने टॉपर।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– पेरिस ओलंपिक का आगाज, पहली बार पचासी नावों से आये सात हजार एथलीट।

दैनिक आज और राष्ट्रीय सहारा समेत सभी समाचार पत्रों ने करगिल विजय दिवस से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बिहार से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा बैठक में होंगे शामिल।

02. राज्य सरकार ने कहा– सरकारी विद्यालयों में बेंच–डेस्क और बच्चों के लिए बैग खरीद में हुई अनियमितता की जांच करवाई जायेगी।

03. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट यूजी–दो हजार चौबीस का संशोधित परिणाम जारी किया। दरभंगा के माजीन मंसूर बिहार टॉपर बने।

04. और, मॉनसून के कमजोर होने से प्रदेश में अब तक सामान्य से इकतीस प्रतिशत कम बारिश हुई। केवल किशनगंज में ही सामान्य से चौबीस प्रतिशत अधिक बारिश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।